दिल नहीं लगता | by Amit Kalra Meetu

आऊं ना खाटू धाम तो मेरा दिल नहीं लगता
दिल नहीं लगता मन नहीं लगता
क्या करें घनश्याम मेरा दिल नहीं लगता
आऊं ना खाटू धाम ....

जी चाहे रींगस से आऊं
पैदल आऊं ध्वजा चढ़ाऊँ
लेता रहूं तेरा नाम मेरा दिल नहीं लगता
आऊं ना खाटू धाम ....

तोरण द्वार पे शीश झुकाऊं
धूलि मैं माथे से लगाऊं
बन जाए मेरे काम मेरा दिल नहीं लगता
आऊं ना खाटू धाम ....

श्याम कुंड जल से हो पावन
पाऊं फिर दर्शन मन भावन
मन को मिले आराम मेरा दिल नहीं लगता
आऊं ना खाटू धाम ....

ज्योत जगाऊँ भजन सुनाऊ
कहे सचिन भावों से रिझाऊं
बन जाऊं तेरा श्याम मेरा दिल नहीं लगता
आऊं ना खाटू धाम ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-amit-kalra-meetu/